# 7. अपवाह तंत्र : नदियाँ

❑ राजस्थान में नदी प्रवाह कितने रूप में पाया जाता है-[II Grade (Sanskart)-2011][Agri. Officer : 29.01.2013]
(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 5
Ans. (2)

*व्याख्या - राजस्थान की नदियों को प्रकृति, दिशा व प्रवाह प्रणाली के आधार पर तीन भागों में बाँट सकते हैं-*

*1. बंगाल की खाड़ी नदी तंत्र (24%)-अरावली पर्वत से पूर्वी भाग में बहने वाली बनास, कालीसिंध, पार्वती नदियाँ चम्बल में प्रवाहित होकर यमुना नदी में मिल जाती है तथा यमुना नदी, गंगा नदी में एवं अन्त में गंगा नदी का जल बंगाल की खाड़ी में मिल जाता है। अतः इन नदियों को बंगाल की खाड़ी का अपवाह तंत्र कहते हैं। लम्बी दूरी, मंद गति, सर्वाधिक नदियाँ, डेल्टा निर्माण इसकी विशेषताएँ है।*

*2. अरब सागरीय नदी तंत्र (16%)- अरावली पर्वत से पश्चिमी भाग में बहकर अपना जल अरब सागर में ले जाने वाली माही, लूनी, साबरमती, पश्चिमी बनास एवं इनकी सहायक नदियों को अरब सागर का अपवाह तंत्र कहते हैं। कम दूरी, तीव्रगामी गति, ज्वारनदमुख (एश्चुरी) का निर्माण इसकी विशेषताएँ हैं। इसे दो भागों में बाँटा जाता है -1. कच्छ की खाड़ी में गिरने वाली (लूनी, पश्चिमी बनास), 2. खंभात की खाड़ी में गिरने वाली (साबरमती, माही)*

*3. आन्तरिक प्रवाह नदी तंत्र (60%)- अन्तःप्रवाहित नदियाँ वे नदियाँ है जिनका जल समुद्र तक नहीं पहुँच पाता जो अपने प्रवाह क्षेत्र में ही विलुप्त हो जाती है। जैसे-घग्घर, कांतली, लिक, कांकणी (काकनी), मंथा, रूपनगढ़, साबी, रूपारेल, मेंढ़ा, खांडेल इत्यादि। यह राजस्थान का सबसे बड़ा अपवाह तंत्र है।*

(स्रोत : RBSE, Class 6,पृष्ठ- 35)

❑ राजस्थान की निम्न नदियों में से अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ हैं। [ARO (Agronomy) 29.8.2022]
1. माही 2. चम्बल 3. साबरमती 4. लूनी
(1) 1 और 2 (2) 1, 2, 3 (3) 1, 2, 4 (4) 1, 3, 4
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कौनसी नदियाँ कच्छ के रण में गिरती है?
[सांख्यिकी अधिकारी-25.02.2024]
(1) पश्चिमी बनास और लूनी (2) माही और पश्चिमी बनास
(3) साबरमती और लूनी (4) माही और लूनी
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसी नदी अरब सागर में गिरती है- [EO & RO - 14.05.2023 (S-I)]
(1) चंबल (2) बनास (3) बाणगंगा (4) माही
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान की नदी बंगाल की खाड़ी के अपवाहतंत्र का भाग नहीं है-
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) 21.9.2019]
(1) चम्बल (2) माही (3) बनास (4) खारी
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ अन्तःप्रवाही नदी है? [मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020]
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]
(1) पश्चिमी बनास (2) कांतली (3) गम्भीरी (4) खारी
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित नदियों में से कौनसी अन्तःप्रवाही नदी नहीं है? [Lab Assistent (Geography)-30.06.2022]
(1) लिक (2) मेंढा (3) वाकल (4) खाण्डेल
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ कौन-सी नदी राजस्थान के आन्तरिक अपवाह तंत्र से संबंधित नहीं है? [JEN (Electric) Diploma- 18.05.2022]
(1) कान्तली (2) काकनी (3) मेंढा (4) डाई
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में से कौनसी आन्तरिक अपवाह नदी है?
[वनपाल-06.11.2022(S-II)]
(1) मीठड़ी (2) साबी (3) मासी (4) सूकड़ी
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान की एक नदी जो अन्तःप्रवाह प्रणाली के अन्तर्गत नहीं है? [III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]
[LDC -16.09.2018][पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]
(1) जाखम (2) कांतली (3) काकनी (4) घग्घर
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के अन्तःप्रवाही अपवाह तंत्र में कौनसी नदी सम्मिलित नहीं है? [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]
[कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन)- 24.03.2019]
(1) पश्चिमी बनास (2) रूपारेल (3) साबी (4) काकनी
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में कौनसी नदी बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र से संबंधित है- [पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)]
(1) जाखम (2) चम्बल (3) माही (4) साबरमती
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान में कौनसी नदी बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र से संबंधित नहीं है? [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]
(1) बनास (2) बाणगंगा (3) चम्बल (4) लूनी
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में बहने वाली कौनसी नदी खम्भात की खाड़ी में गिरती है? [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]
(1) ब्राह्मणी (2) चम्बल (3) माही (4) बनास
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की वह नदी जो अरब सागर में गिरती है- [CET (10+2) : 22.10.2024 (S-I)] [ARO (Agri. Che., Agronomy) 27.8.2022]
(1) लूनी (2) बनास (3) चम्बल (4) कांतली
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ अन्त:प्रवाहित नदी नहीं है? [कॉलेज व्याख्याता-2016] [Research Officer-04.08.2024][II Grade GK - 22.12.2022]
(1) साबी (2) काँतली (3) काकनी (4) खारी
**Ans.** (4) *खारी बनास की सहायक नदी है।*

❒ निम्न में से कौनसी नदियाँ अरब सागरीय नदी तंत्र का भाग नहीं है? [व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-12.11.2021]
1. बनास नदी 2. साबरमती नदी
3. पश्चिमी बनास नदी 4. कांकणी नदी
5. माही नदी
कूट-(1) 1, 3 एवं 4 (2) 1, 2 और 4
(3) 2, 3 और 5 (4) 1 और 4
**Ans.** (4)

*व्याख्या - कांकणी आंतरिक प्रवाह की नदी है। अरब सागरीय तंत्र के भाग कच्छ की खाड़ी में पश्चिमी बनास, लूणी तथा खम्भात की खाड़ी में साबरमती, माही गिरती है। बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली प्रमुख नदियाँ बनास, चम्बल, पार्वती, कालीसिंध आदि।*

❒ नदी जिसका जल बंगाल की खाड़ी में पहुँचता है, वह है- [II Grade (Science) Exam. 2011]
(1) माही (2) सोम (3) चम्बल (4) साबरमती
**Ans.** (3)

*व्याख्या - चम्बल नदी का जल अंतत: बंगाल की खाड़ी में पहुँचता है। जबकि माही, (सोम, माही की सहायक नदी है) साबरमती का जल खम्भात की खाड़ी में गिरता है।*

❒ खारी नदी जिस अपवाह तंत्र का अंग है, वह है : [R.A.S. Pre Ex., 2010]
(1) अरब सागरीय (2) आन्तरिक अपवाह
(3) अनिश्चित अपवाह (4) बंगाल की खाड़ी
**Ans.** (*)

*व्याख्या - राजस्थान में खारी नाम से दो नदियाँ हैं जिसमें एक अरब सागरीय (इसका उद्गम स्थल सिरोही जिले के शेरगाँव की पहाड़ियाँ है। यह सिरोही, जालोर में बहकर जालोर के सायला गाँव में यह लूनी की सहायक नदी जवाई नदी में मिल जाती है) तथा*
*दूसरी 'खारी' बंगाल की खाड़ी (यह राजसमंद में बिजराज/ बिजराल ग्राम की पहाड़ियों से निकलकर भीलवाड़ा (हुरड़ा) में बहकर भीलवाड़ा-अजमेर की सीमा बनाते हुए राजमहल (टोंक) में बहकर देवली के निकट बनास में मिल जाती है) अपवाह तंत्र का अंग है।*

❒ बिजराल की पहाड़ियों से निकलने वाली खारी नदी निम्नलिखित में से किस अपवाह तंत्र का भाग है? [प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]
(1) बंगाल की खाड़ी (2) अरब सागरीय
(3) अनिश्चित अपवाह (4) आन्तरिक अपवाह
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ खारी नदी का उद्गम राजसमन्द जिले के उत्तर में स्थित.....गाँव की पहाड़ियों से होता है- [कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन) परीक्षा- 24.03.2019]
(1) अरना (2) बागोता (3) बासाणी (4) बिजराल
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ खारी नामक नदी किस नदी तंत्र का भाग है? [जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -II]
(1) बनास केवल (2) लूनी एवं बनास दोनों की
(3) चम्बल केवल (4) लूनी केवल
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ आसींद, विजयनगर एवं हुरड़ा स्थलों के निकटतम नदी कौनसी है? [जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -II]
(1) कोठारी (2) खारी (3) बेड़च (4) बनास
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसा (उत्पत्ति स्थान-नदी) सही सुमेलित नहीं है? [House Keeper -9.7.2022]
(1) जानापाव पहाड़ियाँ-चंबल (2) नाग पहाड़ - लूनी
(3) गोगुन्दा पहाड़ियाँ-बेड़च (4) बिजराल पहाड़ियाँ-बनास
**Ans.** (4) *बिजराल पहाड़ियाँ - खारी नदी*

Scanned with OKEN Scanner

❒ पूर्व में जब घग्घर नदी बाढ़ के उफान में होती थी, तो कहाँ तक पहुंच जाती थी? [R.A.S., 2007]
(1) तलवाड़ा (2)हनुमानगढ़(3)अनुपगढ़(4) फोर्ट अब्बास
Ans. (4)

व्याख्या - घग्घर नदी -इस नदी को नट नदी, मृत नदी, सोतर नदी, सरस्वती नदी और दृषवती नदी के नामों से जाना जाता है। इसका उद्गम हिमाचल प्रदेश की शिवालिक पहाड़ी (कालका माता के मंदिर के पास) से होता है। राजस्थान में प्रवेश उत्तर दिशा से टिब्बी तहसील के तलवाड़ा गाँव (हनुमानगढ़) नामक स्थान पर होता है तथा राजस्थान में बहाव क्षेत्र नाली कहलाता है। इसका अन्तिम स्थान फोर्ट अब्बास (बहावलपुर, पाकिस्तान) है। बहावलपुर (पाकिस्तान में) बहाव क्षेत्र 'हकरा' कहलाता है। यह आन्तरिक प्रवाह की दृष्टि से सबसे लम्बी नदी है। इस नदी के मुहाने पर कालीबंगा सभ्यता विकसित है। ज्ञातव्य है कि हनुमानगढ़ स्थित तलवाड़ा झील घग्घर नदी पर निर्मित है।

घग्घर बेसिन मुख्यत: 2 जिलों (गंगानगर, हनुमानगढ़) में फैला हुआ है।

❒ 'मृत नदी' की उपमा निम्न में से किस नदी को दी गई है? [कर सहायक-14.10.2018] [संगणक- 05.05.2018] [Asstt. Agriculture Officer- 31.05.2019]
(1) कातली (2) काकानी (3) साबी (4) घग्घर
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ राजस्थान में से कौनसी नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है? [Librarian III Grade 11.09.2022] [VDO Mains -09.07.2022]
(1) चंबल (2) माही (3) घग्घर (4) कान्तली
Ans. (3)व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ घग्घर का 'दोआब मैदान' जो राजस्थान के हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिलों में पाया जाता है, वह निम्नलिखित किन दो नदियों के निक्षेपण से बना है? [LDC-19.08.2018]
(1) बनास और बाणगंगा (2) घग्घर और व्यास
(3) जवाई और सुकड़ी (4) घग्घर और सतलज
Ans. (4)व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ जिस नदी का जल किसी खुले महासागर में नहीं पहुँचता, वह है ? [A. Jailor Exam, 2004]
(1) साबरमती (2) माजम (3) कांतली (4) सोम
Ans. (3)

व्याख्या-कांतली-राज्य में पूर्ण बहाव की दृष्टि से आन्तरिक प्रवाह की सबसे लम्बी नदी। सीकर जिले की खण्डेला की पहाड़ियों से निकलकर उदयपुरवाटी तहसील के दक्षिण-पश्चिम में झुन्झुनूँ जिले को दो भागों में बाँटती हुई चूरू की सीमा में विलीन हो जाती है। इसका प्रवाह क्षेत्र तोरावाटी कहलाता है।

❒ निम्नलिखित में से कौनसी नदी तोरावाटी बेसिन में प्रवाहित होती है? [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
(1) काकनी (2) कान्तली (3) बाणगंगा (4) गंभीरी
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ मरुस्थल में भुझ झील का निर्माण किस नदी पर किया गया है ? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]
(1) घग्घर (2) कांटली (3) काकनेय (4) बनास
Ans. (3)

व्याख्या - काकनेय/काकनी व मसूरदी नाम से प्रसिद्ध इस नदी का उद्गम जैसलमेर का कोठ्यारी गाँव है। यह आन्तरिक प्रवाह की सबसे छोटी नदी है। यह नदी जैसलमेर के रूपसी गाँव में प्रसिद्ध भुझ (बुझ) झील का निर्माण करती है। इसका विलुप्ती स्थल मीठा खाड़ी है।

❒ राजस्थान की निम्नलिखित में से कौनसी नदी सतह के थोड़े से बहाव के बाद रेत में गायब हो जाती है? [EO & RO - 14.05.2023 (S-I)]
(1) बनास (2) काली (3) लूनी (4) काकनी
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ राजस्थान की किस नदी को मसूरदी नदी भी कहा जाता है? [आर्थिक अन्वेषक (उद्योग विभाग)-25.03.2018]
(1) काकनी (2) काँतली (3) मेन्धा (4) जाखम
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ निम्न नदी एवं उद्गम स्थल में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है- [JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]
(1) बनास-खमनौर पहाड़ी
(2) बाणगंगा - बैराठ पहाड़ी
(3) कांतली-खंडेला पहाड़ी
(4) काकनी-कुम्भलगढ़ पहाड़ी
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ कौनसी नदी राजस्थान के पूर्वी मैदान में प्रवाहित नहीं होती है-[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिप्लोमा -26.12.2020]
(1) मोरेल (2) बाणगंगा (3) काकनी (4) ढूंढ
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❑ रूपारेल नदी का उद्गम होता है-

[III Grade (Hindi) -26.02.2023]

(1) उदयनाथ (2) रघुनाथगढ़ (3) कुम्भलगढ़ (4) राजोरगढ़

**Ans. (1)**

*व्याख्या* – रूपारेल नदी का उद्गम स्थल उदयनाथ की पहाड़ी (थानागाजी) अलवर है। इस नदी को लसवारी नदी तथा स्थानीय भाषा में वराह नदी कहते है। यह नदी सीकरी (डीग जिले) में विलुप्त हो जाती है।

❑ किस नदी को 'वराह' या 'लसवारी' के नाम से भी जाना जाता है? [Assist. Professor-8.9.2024]

(1) रूपारेल (2) कांतली (3) साबरमती (4) सोम

**Ans. (1)** *व्याख्या :* उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ इनमें से कौन-सी राजस्थान की अन्तः प्रवाही नदी नहीं है? [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष) 14.9.2019]

[द्वितीय श्रेणी अध्यापक परीक्षा-26.04.2017]

[स्कूल व्याख्याता (Coach)-20.10.2022][VDO Mains -09.07.2022]

(1) कांतली (2) काकनी (3) सागी (4) घग्घर

**Ans. (3)**

*व्याख्या :* अरब सागर की ओर बहने वाली सागी नदी का उद्गम स्थल जालोर जिले की जसवंतपुरा की पहाड़ियाँ है। यह जालोर जिले के सांचौर से बहकर बाड़मेर में गाँधव गाँव के निकट लूनी नदी में मिल जाती है।

❑ किस नदी का उद्गम सेवर पहाड़ी से है-

[मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020]

(1) साबी (2) काकनी (3) मोरेल (4) सोम

**Ans. (1)**

*व्याख्या*–साबी नदी जयपुर की सेवर पहाड़ियों से निकलकर कोटपूतली-बहरोड़ जिले में बहने के बाद हरियाणा के पटौदी के उत्तर में विलीन हो जाती है। यह नदी मुगल काल में वर्षा ऋतु में 'विनाश लीला' हेतु प्रसिद्ध थी।

❑ कौनसी नदी अरावली के पश्चिमी ढालों से निकल कर, सिरोही के कुछ क्षेत्रों से बहते हुए कच्छ की खाड़ी में लीन हो जाती है? [II Grade - 30.07.2023 (II)]

(1) माही (2) पश्चिमी बनास (3) साबरमती (4) मोरेन

**Ans. (2)**

*व्याख्या :* पश्चिमी बनास नदी सिरोही जिले के 'नया सानवारा' गाँव के निकट अरावली की पहाड़ियों से निकलकर सिरोही में बहती हुई यह गुजरात के बनास काँठा जिले में प्रवेश करती है व फिर लिटिल रन (कच्छ की रन) में विलुप्त हो जाती है।

❑ लूनी नदी मुख्यतः बहती है ? [S.I. Exam. 2002]

(1) राजस्थान (2) गुजरात (3) पंजाब (4) हरियाणा

**Ans. (1)**

*व्याख्या* - लूनी नदी-राजस्थान में बहने वाली पश्चिमी राजस्थान की सबसे लम्बी अरब सागरीय अपवाह तंत्र की यह नदी अजमेर में आनासागर झील के समीप स्थित नाग पहाड़ी से निकलती है। इसके उद्गम स्थल पर इसको सागरमती/सरगावती कहते हैं। गोविन्दगढ (अजमेर) में 'सरस्वती' नामक धारा से मिलने के बाद इसको लूनी के नाम से जाना जाता है। पुष्कर के निकट साक्री, सांचौर में रेल/नाड़ा भी कहते हैं। इसका जल बालोतरा तक मीठा व बाद में खारा है। इसे मीठी-खारी नदी, मरुस्थल की गंगा आदि नामों से जाना जाता है। लूनी नदी का उत्तरी क्षेत्र बालू रेत की अधिकता एवं फैलाव के कारण थली (रेत ही रेत) कहलाता है। कालीदास ने इस नदी को 'अन्तः सलिला' कहा है। इसका प्रवाह क्षेत्र गोड़वाड़ प्रदेश कहलाता है। लूनी नदी की सहायक नदियाँ क्रमशः – लीलड़ी (सबसे पहले मिलने वाली), जोजड़ी, गुहिया, बाण्डी, सूकड़ी, मीठड़ी, जवाई, खारी एवं सागी (सबसे अंत में मिलने वाली)। अजमेर, ब्यावर, डेगाना (नागौर), बिलाड़ा (जोधपुर), बालोतरा, बाड़मेर तथा जालौर (7 जिलों) में बहती हुई यह नदी कच्छ के रन में गिर जाती है।




❑ आधी खारी-आधी मीठी कौनसी नदी कहलाती है?

[जेल प्रहरी परीक्षा-2017]

(1) चम्बल (2) लूनी (3) बनास (4) बाणगंगा

**Ans. (2)** *व्याख्या :* उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ लूनी नदी का जल उद्गम से लेकर किस स्थान तक मीठा रहता है और उसके बाद खारा हो जाता है-

[JEN Degree (TSP) Exam - 16.10.2016]

(1) समदड़ी (2) बालोतरा (3) सिवाना (4) सांचोर

**Ans. (2)** *व्याख्या :* उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान की लूनी नदी का उद्गम स्थान कहाँ हैं? [पशु परिचर-2.12.2024 (S-II), 3.12.2024 (S-I)]
(1) पूर्वी सतपुड़ा श्रेणी (2) अमरकंटक
(3) नाग-पहाड़ (4) अंगसी हिमनद
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से राजस्थान की कौनसी नदी बंगाल की खाड़ी अपवाह-तंत्र की नदियों में शामिल नहीं है- [JEN (Civil) Degree 12.09.2021]
(1) चंबल (2) लूनी (3) बनास (4) बाणगंगा
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ डेगाना, बिलाड़ा, पाली तथा जालौर भाग हैं- [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
(1) माही बेसिन के (2) चम्बल बेसिन के
(3) लूनी बेसिन के (4) साबरमती बेसिन
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ लूनी का उत्तरी क्षेत्र कहलाता है- [HM- 02.09.2018]
(1) थली (2) धरियन (3) रोही (4) मेजा
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ लीलड़ी, मीठड़ी, बांडी, सूकड़ी किसकी सहायक नदियां है? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) बेड़च (2) लूनी (3) बनास (4) घग्घर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ यदि हम लूनी नदी के किनारे इसके उद्गम से अंत तक यात्रा करते हैं, तो हम इसकी सहायक नदियों को किस क्रम में पायेंगे- [VDO-27.12.2021 (S-I)]
**1. जवाई 2. बाण्डी 3. सूकड़ी 4. गुहिया**
कूट: (1) 3, 2, 1, 4 (2) 4, 2, 3, 1
(3) 1, 2, 3, 4 (4) 4, 3, 2, 1
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से अरब सागरीय अपवाह तंत्र का उदाहरण है? [REET (Level – II, S-II ) –24.07.2022]
(1) मेनाल, कोठारी, बेड़च (2) जोजड़ी, बेड़च, मेनाल
(3) कोठारी, सोम, रूपारेल (4) जोजड़ी, बांडी, जवाई
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से जवाई नदी किस नदी की सहायक नदी है- [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020] [Asst. Town Planner- 16.06.2023]
(1) माही (2) लूनी (3) बनास (4) सूकड़ी
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ लूनी की सहायक नदी नहीं है? [महिला पर्यवेक्षक-29.11.2015
(1) जोजरी (2) सूकड़ी (3) गुहिया (4) मेंन्था
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ लूनी नदी के विषय में निम्न में से कौनसा कथ असत्य है- [सहायक सांख्यिकी अधिकारी (25.08.2024)
(1) लूनी नदी बेसिन की पूर्वी सीमा 'काला भूरा डूंग है।
(2) यह नदी कच्छ के रण तक प्रवाहित होती है।
(3) उद्गम से बालोतरा कस्बे तक इसका पानी मीठा है
(4) यह राजस्थान के कुल अपवाह क्षेत्र के 5.6 प्रतिश भाग पर प्रवाहित होती है।
Ans. (4)

*व्याख्या – लूनी नदी राजस्थान के कुल अपवाह क्षेत्र के 10.40 प्रतिशत भाग पर प्रवाहित होती है।*

❒ लूनी नदी के प्रदूषण का प्रमुख स्रोत क्या है? [द्वितीय श्रेणी अध्यापक-1.5.2017][जेल प्रहरी 20-10-2018.] [Asst. Professor- 7.1.2024][कृषि अधिकारी -19.1.2021
(1) रंगाई-छपाई उद्योग (2) ग्वार-गम उद्योग
(3) इन्जीनियरिंग उद्योग (4) हैन्डी क्राफ्ट उद्योग
Ans. (1)

*व्याख्या : पाली के रंगाई-छपाई उद्योगों एवं वस्त्र उद्योग के कारण लूनी की सहायक नदी बाण्डी नदी प्रदूषित हो रही है। बाण्डी नदी को 'केमिकल रिवर' कहते हैं।*

❒ पाली के वस्त्रोद्योग के कारण कौनसी नदी प्रदूषि हो रही है? [ARO (Entomology)-30.08.2022]
(1) सुकड़ी (2) लीलड़ी (3) जवाई (4) इनमें से कोई नहीं
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ लूनी नदी की निम्न सहायक नदियों में अरावली पर्वतमाला से नहीं निकलने वाली नदी है? [III Grade Teacher-2006][CET - 5.2.2023 (S-II)]
(1) बांडी (2) जोजरी (3) लीलड़ी (4) जवाई
Ans. (2)

*व्याख्या – जोजड़ी (जोजरी) का उद्गम स्थल नागौर जिले की पोंडलू गाँव की पहाड़ियाँ है। यह नागौर, जोधपुर ग्रामीण में बहती है। यह लूनी नदी की एकमात्र सहायक नदी है जो उसमें दायीं ओर से मिलती है तथा जिसका उद्गम अरावली की पहाड़ियाँ नहीं है। लूनी की अन्य सभी सहायक नदियाँ अरावली से निकलती है।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ नदी जिसका उद्‌गम मध्यप्रदेश से होता है और जो अपना जल खम्भात की खाड़ी में उड़ेलती है, वह है? [RAS (Pre) Exam. 14 June, 2012, 1994]

(1) लूनी (2) माही (3) जवाई (4) पार्वती

**Ans. (2)**

**व्याख्या** - माही नदी - माही को आदिवासियों की गंगा/बागड़ की गंगा/कांठल की गंगा/दक्षिणी राजस्थान की स्वर्ण रेखा आदि नामों से जाना जाता है। मध्य प्रदेश के धार जिले की अमरोरू पहाड़ी के सरदारपुरा के निकट मिण्डा गाँव की मेंहद झील से निकलकर राजस्थान में बाँसवाड़ा जिले के खांदु गाँव के निकट प्रवेश करती है। बाँसवाड़ा, डूँगरपुर की सीमाओं को अलग करती हुई यह नदी कर्क रेखा को दो बार पार करती है। माही नदी के प्रवाह क्षेत्र को छप्पन का मैदान कहते है। माही नदी उल्टे यू (∩) आकार में बहती हुई **खम्भात की खाड़ी** (अरब सागर) में गिर जाती है। इस नदी पर बोरखेड़ा गाँव (बाँसवाड़ा) में माही बजाज सागर बाँध एवं कागदी गाँव (बाँसवाड़ा) में कागदी पिकअप बाँध बनाया गया है। 'सुजलाम - सुफलाम क्रांति' का सम्बन्ध माही नदी से है।

❐ माही नदी का उद्‌गम.......में है। [III Grade (Urdu) -28.02.2023]

(1) महेसाणा, गुजरात (2) बाँसवाड़ा, राजस्थान
(3) डूँगरपुर, राजस्थान (4) धार, मध्यप्रदेश

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ किस नदी को बागड़ व कांठल की गंगा कहा जाता है? [Police Constable Exam- 2013]

(1) चम्बल (2) माही (3) सोख (4) जाखम

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ माही नदी का किनारा कहलाता है- [VDO-27.12.2021 (S-II)]

(1) थली (2) कांठल (3) देवल (4) छप्पन

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ जो नदी राजस्थान में दक्षिण से प्रवेश करके पश्चिम में प्रवाहित होकर पुनः दक्षिण की ओर मुड़ जाती है, वह है ? [A. Jailor Exam, 2004]

(1) लूनी (2) माही (3) चम्बल (4) काली सिन्ध

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ निम्न में से कौनसा राजस्थान के दक्षिणतम भाग में अवस्थित है? [सहायक सांख्यिकी अधिकारी-27.05.2019]

(1) लूनी बेसिन (2) माही बेसिन
(3) बनास बेसिन (4) दक्षिणी अरावली

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में कर्क रेखा को दो बार पार करने वाली कौनसी नदी है? [जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift-II] [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) - 20.12.2015] [II Grade (Hindi) Exam. 2011]

(1) सोम (2) माही (3) जाखम (4) बांडी

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में माही नदी निम्न में से किन जिलों की सीमा बनाती है-[JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]

(1) प्रतापगढ़-डूँगरपुर (2) डूँगरपुर-बाँसवाड़ा
(3) डूँगरपुर-उदयपुर (4) बाँसवाड़ा-प्रतापगढ़

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान की कौनसी नदी विंध्याचल पर्वत के मिण्डा स्थान से निकलती है?[पशु परिचर-2.12.2024 (I)]

(1) बाणगंगा (2) लूनी
(3) माही (4) चम्बल

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सोम एक सहायक नदी है-[II Grade Teacher -28.10.18]

(1) साबरमती (2) माही (3) बनास (4) लूनी

**Ans. (2)**

**व्याख्या**- अनास, इरु, सोम, चाप, एराव, भादर, ईराऊ, जाखम, हरण और मोरान माही की प्रमुख सहायक नदियाँ है। केवल हरण, अनास और चाप माही नदी के बाएँ किनारे पर मिलती है, शेष सभी दाएँ किनारे पर मिलती हैं। माही की सहायक इरु नदी इसमें माही बाँध के पहले ही मिल जाती है। शेष सहायक नदियाँ माही बाँध के पश्चात इसमें आकर मिलती है।

❐ राजस्थान में भादर, ईराऊ, हरण और मोरान किस नदी की सहायक नदियाँ हैं- [JEN (Mech.) Degree (TSP) - 16.10.2016]

(1) साबरमती (2) माही (3) बनास (4) लूनी

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ अनास, इरु तथा चाप किस नदी की सहायक नदियाँ है? [JEN (Agri.) 10.09.2022] [कनिष्ठ निदेशक -4.1.2025]

(1) चम्बल (2) बनास (3) माही (4) काली सिंध

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ माही नदी के बायें किनारे की सहायक नदी है? [वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]
(1) इरू (2) जाखम (3) अनास (4) चाप
Ans. (3, 4)* व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ अनास, एराव व सोम जिस नदी की सहायक नदियाँ हैं, वह है: [कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]
(1) माही (2) बनास (3) साबरमती (4) काली सिंध
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ 'सोम' नदी निकलती है- [Asst. Agri. Officer 29.1.2013]
(1) माउन्ट आबू (2) अजमेर (3) बीछामेड़ा (4) पचमेड़ा
Ans. (3)

*व्याख्या - सोम नदी : यह नदी उदयपुर जिले के बीछामेड़ा नामक स्थान से निकलकर सलूम्बर होती हुई बेणेश्वर (डूँगरपुर) के समीप माही नदी में मिल जाती है। इस नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ गोमती व जाखम है।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसा (नदी-उत्पत्ति स्थान) सुमेलित नहीं है? [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
(1) सोम -बाबलवाड़ा पहाड़ियाँ (2) जाखम-छोटी सादड़ी
(3) बनास-खमनौर पहाड़ियाँ (4) सागी-जसवंतपुरा पहाड़ियाँ
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ कौनसी नदी बंगाल की खाड़ी के अपवाह तंत्र में सम्मिलित नहीं है? [पशुधन सहायक - 21.10.2018]
(1) पार्वती (2) परवन (3) सीप (4) अनास
Ans. (4)

*व्याख्या - अरब सागरीय अपवाह तंत्र की प्रमुख नदी माही की सहायक नदी अनास का उदगम स्थल मध्यप्रदेश में आम्बेर गाँव के निकट विंध्याचल की पहाड़ियाँ है। यह राजस्थान में बाँसवाड़ा के मेलेडिखेड़ा गाँव के पास प्रवेश करती है व डूँगरपुर में गलियाकोट के निकट माही में मिल जाती है। अनास नदी की सहायक नदी हरण है।*

❒ जाखम एक सहायक नदी है- [स्कूल व्याख्याता (Physical Edu.)-21.10.2022]
(1) लूनी (2) बनास (3) माही (4) साबरमती
Ans. (3)

*व्याख्या-प्रतापगढ़ की छोटी सादड़ी में भँवर माता के मंदिर की पहाड़ी से निकलकर प्रतापगढ़ की धरियावाद तहसील तथा सलूम्बर में बहती हुई जाखम नदी बेणेश्वर (डूँगरपुर) से थोड़ा पहले लोरावल बिलूरा गाँवों के पास सोम नदी में मिल जाती है तथा सोम नदी माही की सहायक नदी है।*

❒ कौनसा युग्म सही है? [R.A.S. Pre., 1995, 2008]
[JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) कोठारी-लूनी (2) सुकड़ी-बनास
(3) जाखम-माही (4) बाणगंगा-चम्बल
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ निम्नांकित में से कौनसी नदी अरब सागर की तरफ बहती है? [II Grade T. (Science) Ex., 2010]
(1) चंबल (2) बनास (3) बेड़च (4) साबरमती
Ans. (4)

*व्याख्या - साबरमती नदी उदयपुर जिले की झाड़ोल तहसील में स्थित पादरला गाँव की अरावली शृंखलाओं से निकलती है। यह नदी राजस्थान (लगभग 45 किमी.) में गुजरात की ओर बहती हुई अंततः खम्भात की खाड़ी में गिर जाती है। साबरमती की सहायक नदियाँ सेई, वाकल, हथमति, मेश्वा, वेतरक और माजम हैं जो सभी डूँगरपुर तथा उदयपुर से निकलती है।*

❒ हथमति, मेश्वा, माजम, वेतरक नदियाँ किस नदी का भाग है? [जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -III]
[JEN Civil Diploma Exam. 21-08-2016]
[Archivist-03.08.2024][Asst. Professor- 7.1.2024]
(1) साबरमती (2) माही (3) पश्चिम बनास (4) काली सिंध
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ तथ्यों के आधार पर नदी को पहचानिए- [II Grade (S-II) -29.1.2023]
1. यह कोटड़ा (उदयपुर) से उद्गमित होती है।
2. हथमति, मेश्वा तथा वेतरक इसकी सहायक नदियाँ हैं।
3. यह नदी राजस्थान में लगभग केवल 45 किमी प्रवाहित होती है।
(1) माही (2) पश्चिमी बनास (3) साबरमती (4) जाखम
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ वाकल तथा सेई धारा के मिलने से जो नदी बनती है, वो है - [Food Safety Officer - 27.06.2023]
(1) माही (2) साबरमती (3) पार्वती (4) बनास
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ सहायक नदी में सही सुमेलित नहीं है-[EEO-19.6.2024]
(1) सोम-मेश्वा (2) माही-चाप
(3) लूनी-गुहिया (4) साबरमती -हथमति
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❐ **चम्बल नदी का प्राचीन नाम है ?**
[RPSC III Grade Teacher Exam-2004]
(1) खारी (2) लूनी (3) चर्मण्वती (4) पार्वती
**Ans. (3)**

***व्याख्या* - <u>चम्बल नदी</u> - इस नदी को <u>चर्मण्वती नदी</u>, <u>राजस्थान की कामधेनु</u>, <u>बारहमासी नदी</u>, <u>नित्यवाही नदी</u>, <u>घड़ियालों की शरण स्थली</u> आदि नामों से जाना जाता हैं।** *चम्बल नदी **मध्यप्रदेश** में इन्दौर जिले की **<u>जनापांव पहाड़ी ( मऊ )</u> से निकलकर <u>चौरासीगढ़ ( मध्यप्रदेश )</u> के समीप राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के चित्तौरिया गाँव** में प्रवेश करती है और भैंसरोड़गढ़ से पाँच किमी. दूर **चूलिया नामक प्रसिद्ध जलप्रपात ( चित्तौड़गढ़ )** बनाती है। राजस्थान में **6 जिलों-चित्तौड़गढ़, कोटा, बूँदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर में बहकर** यह नदी उत्तरप्रदेश के मुरादगंज (ईटावा) के समीप **यमुना नदी** में मिल जाती है।*

***चम्बल नदी** एकमात्र नदी है जो **अन्तर्राज्यीय जल सीमा** बनाती है। **चम्बल नदी <u>'उत्खात भूमि' ( Badland )</u> के लिए कुख्यात है।** विश्व की एकमात्र नदी जिसके 100 किलोमीटर के दायरे में तीन बाँध बनाये गये है और तीनों पर ही जल विद्युत उत्पादन किया जाता है। **सर्वाधिक जल की आपूर्ति करने वाली चम्बल नदी के द्वारा <u>अवनालिका अपरदन सबसे अधिक</u> होता है।** इसकी प्रवाह प्रणाली वृक्षाकार हैं। यह राज्य की **बहाव क्षेत्र की दृष्टि से सबसे लम्बी नदी** है। राज्य में **<u>सतही जल की मात्रा सर्वाधिक</u>** है। केन्द्र सरकार के **<u>नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में चम्बल नदी को शामिल</u>** किया गया है। चम्बल नदी में **'गांगेय सूंस'** स्तनपायी जीव तथा **घड़ियालों की अधिकता** है। चम्बल की कुल लम्बाई 1051 किमी. है परन्तु राजस्थान का भूगोल (डॉ. हरिमोहन सक्सेना) में चम्बल की लम्बाई 965 किमी. बताई गई है।*




*सहायक नदियाँ -दायीं ओर से मिलने वाली नदियाँ **छोटी काली सिंध** (राजस्थान में प्रवेश से पहले सीमा पर चम्बल में मिलने वाली), आलनिया, आहू, परवन, काली सिंध, पार्वती, सीप, कुन्नु तथा बायीं तरफ से **गुंजाली** (राजस्थान में प्रवेश के बाद सबसे पहले मिलती है), बामनी, कुराल, मेज, चाकण, बनास है।*

❐ **चम्बल नदी निम्नलिखित किस राज्य समूह से होकर प्रवाहित होती है?** [CET - 11.2.2023 (S-I)]
(1) मध्यप्रदेश,राजस्थान, दिल्ली
(2) मध्यप्रदेश, राजस्थान,गुजरात
(3) मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा
(4) मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश
**Ans. (4)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में निम्न में से कौनसी नदी सदावाहिनी ( बारहों महीने बहती ) है?** [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष) 14.9.2019]
(1) कान्तली (2) बाणगंगा (3) घग्घर (4) चम्बल
**Ans. (4)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्न में से कौनसी नदी राजस्थान को सर्वाधिक जल की आपूर्ति करती है?** [R.A.S. Pre Exam. 2003]
(1) चम्बल (2) बनास (3) माही (4) साबरमती
**Ans. (1)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से कौन-सी नदी 'उत्खात भूमि' (Badland) के लिए कुख्यात है-** [REET, 11 Feb. 2018]
[ARO-29.8.2022][कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर)- 26.03.2019]
(1) चम्बल (2) कृष्णा (3) गोदावरी (4) तुंगभद्रा
**Ans. (1)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **कौनसी 'कामधेनु नदी' कहलाती है-**
[प्रयोगशाला सहा.-3.2.2019][Lab Assistent (Science) -29.06.2022]
(1) बनास (2) चम्बल (3) कोठारी (4) बाणगंगा
**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **चम्बल नदी का उद्गम है-** [JEN Degree -16.10.2016]
(1) नाग पहाड़ (2) कुम्भलगढ़
(3) जनापांव पहाड़ियां (4) अलवर पहाड़ियाँ
**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **चम्बल नदी राजस्थान में निम्न में से किन जिलों की सीमा बनाती है-** [JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]
(1) कोटा - बारां (2) बारां - झालावाड़
(3) कोटा - सवाई माधोपुर (4) सवाई माधोपुर - टोंक
**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ चम्बल नदी किस जिले से नहीं गुजरती है? [वनरक्षक परीक्षा - 2013, Raj. Police 2014]
(1) चित्तौड़गढ़ (2) झालावाड़ (3) कोटा (4) धौलपुर
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ चम्बल नदी हेतु सही नहीं है -[राज.पुलिस-13.5.2022 (I)]
(1) यह यमुना की प्रमुख सहायक नदी है, जो लगभग 960 किमी. लम्बी है।
(2) मध्य भारत में स्थित, नदी में ग्रेटर गंगा ड्रेनेज सिस्टम का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा शामिल है।
(3) यह राजस्थान राज्य से होकर बहने वाली नदियों में से सबसे बड़ी है।
(4) चम्बल दुबारा यमुना के साथ इसके संगम तक का कुल क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में स्थित है।
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ किस स्थान से चम्बल नदी राजस्थान राज्य में प्रवेश करती हैं- [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
(1) भैंसरोड़गढ़ (2) चित्तौड़गढ़ (3) कुम्भलगढ़ (4) चौरासीगढ़
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान में जल द्वारा अपरदन सबसे अधिक किस नदी से होता है? [कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर)- 26.03.2019]
(1) माही (2) लूणी (3) चम्बल (4) बनास
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ किस नदी पर ईस्ट-वेस्ट कोरिडोर के अधीन 'हैंगिंग ब्रिज' बनाया जाना प्रस्तावित हैं-[II Gr.(Maths)-2011]
(1) बनास (2) चम्बल (3) कालीसिन्ध (4) लूणी
Ans. (2)

*व्याख्या - कोटा में चम्बल नदी पर राजस्थान का पहला एवं देश का चौथा हैंगिंग ब्रिज बनाया गया है। इसका निर्माण गेमन इण्डिया व हुंडई कम्पनी द्वारा किया गया है। इस ब्रिज से राष्ट्रीय राजमार्ग 27 गुजरता है। यह हैंगिंग ब्रिज ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का भाग है। ज्ञातव्य है कि राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज माही नदी पर चिखली (डूंगरपुर)-आनन्दपुरी (बाँसवाड़ा) सड़क पर संगमेश्वर में बनाया जा रहा है।*

❑ वापणी (बामणी) किस नदी की सहायक नदी है? [PTI (Grade-III)-25.9.2022]
(1) काली सिंध (2) चम्बल (3) बनास (4) पार्वती
Ans. (2)

*व्याख्या - चम्बल की सहायक नदी बामनी/वापणी (ब्राह्मणी) नदी हरिपुरा (चित्तौड़गढ़) की पहाड़ियों से निकलकर भैंसरोड़गढ़ के निकट चम्बल में मिलती है।*

❑ कौनसा सुमेलित नहीं है?[I Grade Geography-16.10.2022]
(1) काली सिन्ध-झालावाड़,बारां (2) ब्राह्मणी- टोंक,भीलवाड़ा
(3) मेज -भीलवाड़ा, बूँदी (4) कोठारी- उदयपुर,भीलवाड़ा
Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ पार्वती किसकी सहायक नदी है? [वनरक्षक- 2013]
(1) घग्घर (2) चम्बल (3) काकनेय (4) बनास
Ans. (2)

*व्याख्या - पार्वती नदी मध्यप्रदेश की विंध्याचल पहाड़ियों से निकलकर बारां में करयाहाट के निकट प्रवेश करती है। बाराँ व कोटा में बहकर सवाईमाधोपुर व कोटा की सीमा पर पालीया गाँव के निकट चम्बल में मिल जाती है।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसी नदी उदयपुर जिले में प्रवाहित नहीं होती है? [III Grade (Punjabi) -28.02.2023]
(1) साबरमती (2) पार्वती (3) सोम (4) जाखम
Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ निम्नलिखित में से कौनसी नदी नागौर जिले की नहीं है?[कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) सीधी भर्ती- 26.03.2019]
(1) लूनी (2) मेन्था (3) जोजड़ी (4) आलनिया
Ans. (4)

*व्याख्या-आलनिया : यह कोटा में मुकुन्दवाड़ा की पहाड़ियों से निकलकर नोटाना गाँव में चम्बल में मिल जाती है।*

❑ परवन, निवाज और आहू सहायक नदियाँ है- [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]
(1) काली सिन्ध (2) बेड़च (3) कोठारी (4) माही
Ans. (1)

*व्याख्या - कालीसिंध नदी : यह नदी मध्यप्रदेश के देवास के निकट बागली गाँव से निकलती है और राजस्थान में कोटा एवं झालावाड़ जिलों में बहती हुई नोनेरा (कोटा) नामक स्थान पर चम्बल नदी में मिल जाती है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ परवन, उजाड़, आहू व निमाज है।*

❑ चम्बल की सहायक नदी है?[स्कूल व्याख्याता-20.10.2022]
(1) जवाई (2) माही (3) काली सिन्ध (4) जाखम
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ कालीसिंध की सहायक नदी नहीं है-[AEN -30.6.2024]
(1) परवन (2) उजाड़ (3) निमाज (4) पार्वती
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजस्थान की किस नदी को स्थानीय भाषा में 'वन की आशा' कहा जाता है-[Librarian III Gr. 11.09.2022] [क. वैज्ञानिक सहा. 14.9.2019][पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (I)] [III Grade (Hindi) -26.02.2023][II Grade (S-I) -29.1.2023]

(1) माही (2) बनास (3) सोम (4) मेन्धा

**Ans.** (2)

**व्याख्या** -**बनास नदी** - इसे वर्णासा नदी, वशिष्ठी नदी व वन की आशा आदि नामों से जाना जाता है। बनास नदी राजसमन्द जिले में **खमनौर की पहाड़ियों ( वेरों/भेरो का मठ ) से निकलकर उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक और सवाई माधोपुर ( 7 जिलों ) से बहती हुई** रामेश्वर घाट के निकट **चम्बल नदी में मिल जाती है।** यह राजस्थान में पूर्ण बहाव की दृष्टि से सबसे लम्बी नदी है। बनास नदी का **जलग्रहण क्षेत्र सबसे बड़ा ( 46,570 वर्ग किलोमीटर ) है।**

**बनास की सहायक नदियाँ** : दायीं तरफ से मिलने वाली नदियाँ **बेड़च** ( **सहायक नदियाँ** -**गोलवा, ओराई, गुजरी, वागली, वागन** ), **गंभीरी व मेनाल** तथा बायीं तरफ से मिलने वाली नदियाँ **कोठारी, खारी, डाई, मांशी, बांडी, मोरेल, ढूंढ, सोहादरा, ढील व कालीसिल** है।




❑ **बनास नदी का उद्गम है-** [III Grade (L-I) -25.2.2023] [खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]

(1) करौली पहाड़ियाँ (2) बैराठ पहाड़ियाँ
(3) नाग पहाड़ (4) खमनौर पहाड़ियाँ

**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **बनास नदी जिस जिला समूह से नहीं गुजरती है, वह है?** [E.O. Exam. 2007]

(1) उदयपुर - भीलवाड़ा - चित्तौड़गढ़ - टोंक
(2) उदयपुर - बूँदी - भीलवाड़ा - अजमेर
(3) राजसमन्द - उदयपुर - भीलवाड़ा - टोंक
(4) उदयपुर - चित्तौड़गढ़ - टोंक - सवाईमाधोपुर

**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **बनास नदी जहाँ से निकलती है, वह स्थल कहलाता है-** [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]

(1) भेरोका मठ(2) नागपहाड़(3) मिण्डा(4) जानापाव पहाड़ी

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान राज्य में ही पूर्णतः बहने वाली सबसे लम्बी नदी का नाम है?** [R.A.S. Pre Exam, 1992] [Lab Assistent (Geography)-30.06.2022]

(1) चम्बल (2) लूनी (3) बनास (4) माही

**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्नलिखित विशेषताएँ किस नदी की हैं-**
- इसका उद्गम कुम्भलगढ़ किले के निकट अरावली पहाड़ियों में है। यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है। बेड़च, कोठारी व मोरेल इसकी सहायक नदियाँ हैं। [R.A.S. Pre Exam, 27.10.2021]

(1) बनास (2) लूनी (3) चम्बल (4) माही

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **बेड़च, मोरेल, कोठारी और खारी निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?** [जेल प्रहरी-2017] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (II)]

(1) घग्घर (2) बनास (3) लूनी (4) व्यास

**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौनसी नदी बनास से दाएं किनारे पर नहीं मिलती है-** [सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021]

(1) बेड़च (2) गोलवा (3) सोडरा (4) बाजायिन

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में चंबल नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी कौनसी है-** [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-6.11.2020 (II)] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]

(1) द्रुपद्वती (2) लूनी (3) साबरमती (4) बनास

